भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2195

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

संपर्क सड़क का अधूरा कार्य

2195. श्री सुधाकर सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में नया भोजपुर (बक्सर) को उत्तर प्रदेश में जनेश्वर मिश्र पुल (बलिया जिला) से जोड़ने वाली प्रस्तावित सड़क का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्यतया बिहार सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। बिहार में नया भोजपुर (बक्सर) को उत्तर प्रदेश में बलिया जिले में जनेश्वर मिश्र पुल से जोड़ने के लिए प्रस्तावित सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है। उक्त सड़क का विकास बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के माध्यम से बिहार राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

*****